भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1603 का उत्तर

काराईकल से पेरलम तक रेल संपर्क की स्थिति

1603. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य के दक्षिणी भाग को जोड़ने वाले कारासईकल से पेरलम रेल संपर्क की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) उक्त रेलवे लाइन का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

कराईकल से पेरलम तक रेल संपर्क की स्थिति के संबंध में 28.07.2021 को लोक सभा में श्री वी. वैथिलिंगम के अतारांकित प्रश्न सं. 1603 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): कराइकल पहले से ही रेलवे नेटवर्क से जुड़ा हुआ है जिसमें नागापट्टीनम, तिरुवरुर के रास्ते पेरलम भी शामिल है। कराइकल से पेरलम के बीच अतिरिक्त सीधी संपर्कता प्रदान करने के लिए, जनवरी, 2019 में 177.69 करोड़ रु. की लागत से तिरुचिरापल्ली-तंजावूर-नागौर-कराइकल आमान परिवर्तन परियोजना के लिए वस्तुपरक आसंशोधन के रूप में 23 किमी लंबी नई लाइन के कार्य को मंजूरी दी गई थी। 3.20 हैक्टेयर भूमि के भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव सितंबर, 2019 में तमिलनाडु राज्य सरकार को सौंप दिए गए हैं। तमिलनाडु सरकार को शीघ्र भूमि अधिग्रहण का अनुरोध किया गया है। बहरहाल, उपलब्ध भूमि में कार्य शुरू कर दिया गया है।

(ख): किसी भी परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, बाधक जनोपयोगी उपयोगिताओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना के समापन समय को प्रभावित करते हैं। इसलिए, इस स्थिति में परियोजनाओं को पूरा करने की निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

*****